**12 अप्रैल 2025**

**अग्रवाल कॉलेज में एकदिवसीय प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन**

आज दिनांक 12 अप्रैल 2025 अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला रेड क्रॉस सोसायटी, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित किया गया l इसका कैंप का संचालन कॉलेज के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी श्री दिनेश गुप्ता के दिशा–निर्देशन व प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। इस शिविर में 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक श्री एम.सी. धीमान, स्टेट फर्स्ट ऐड ट्रेनर, जिला रेड क्रॉस सोसायटी, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने व्यापक अनुभव से प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में तैयार रहना न केवल जीवन बचा सकता है, बल्कि यह आत्मविश्वास और ज़िम्मेदारी से कार्य करने की शक्ति भी प्रदान करता है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (CPR), जलने, कटने, फ्रैक्चर तथा जानवरों/कीटों के काटने की प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया गया। आपदा के समय बचने की तकनीकें एवं मूलभूत तैयारी के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में इंटरएक्टिव डेमोंस्ट्रेशन और व्यावहारिक अभ्यास भी कराए गए, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक परिस्थितियों में इन तकनीकों का अनुभव प्राप्त हुआ। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्हें आपातकालीन स्थितियों में शांत एवं प्रभावी बने रहने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर 'नशे की लत' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया l यह सशक्त प्रस्तुति युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दे गई। इस नाटक का निर्देशन संयुक्त रूप से स्ट्रीट आर्ट मुराल क्लब एवं रेड रिबन क्लब द्वारा कराया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इस प्रभावशाली नाटक ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।इस अवसर पर डॉ. गीता गुप्ता, संयोजक रेड रिबन क्लब व डॉ. देवेंद्र, काउंसलर सेंट जॉन एंबुलेंस क्लब मौजूद रहे। इस शिविर का सुचारु संचालन वाईआरसी काउंसलर श्रीमती पूजा एवं श्री सुभाष कैलोरिया द्वारा किया गया, जिनके समर्पण और बेहतर प्रबंधन से कार्यक्रम पूरी सफलता के साथ संपन्न हुआ।